## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–26.12.2024 (दोपहर–1455 बजे)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज वीर बाल दिवस पर नई दिल्ली में असाधारण उपलब्धियों के लिए 17 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया। इन बच्चों को कला–संस्कृति, बहादुरी, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा, खेल और पर्यावरण के क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मू ने साहिबजादों की बहादुरी और बलिदान को नमन करते हुए कहा कि यह दिन श्री गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों के बलिदान और साहस का सम्मान करने करने का दिन है।

*****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारतीय लोकतंत्र की विशालता गुरुओं की शिक्षाओं, साहिबजादों के बलिदान और देश की एकता के मूल मंत्र पर आधारित है। आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में वीर बाल दिवस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गुरु परंपरा ने लोगों को सभी को सम्मान की दृष्टि से देखना सिखाया है और संविधान भी हमें इसी विचार से प्रेरित करता है।

*****************

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिशा के निवर्तमान राज्यपाल रघुवर दास अब से थोड़ी देर बाद रांची पहुंचेंगे। राज्यपाल के पद से इस्तीफा देने के बाद वह दोबारा सक्रिय राजनीति में वापस लौटेंगे। कल वह भाजपा की सदस्यता ले सकते हैं। राजनीतिक गलियारों में चर्चा तो ये भी है कि संगठन उन्हें कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकता है।

*****************

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी आज 100 वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस सिलसिले में रांची के अल्बर्ट एक चौक के समीप स्थित पार्टी कार्यालय में विशेष समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि पार्टी के 100 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में वर्ष 2025 में पार्टी ने कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की है।

*****************

राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने विभिन्न जिलों के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारियों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर में ई–औषधि योजना लागू करने का निर्देश दिया है। इसकी शुरूआत सबसे पहले रांची, बोकारो, धनबाद, गढ़वा, गिरिडीह, गोड्डा, गुमला, हजारीबाग और लोहरदगा में होगी। इस योजना को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत लागू किया जायेगा। ई–औषधि योजना शुरू होने पर एक क्लिक पर अस्पताल में मौजूद दवा की उपलब्धता की जानकारी मिल सकेगी।

*****************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुदूरवर्ती क्षेत्रों के विकास के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

*****************

लातेहार जिले के नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्रशासी पदाधिकारी रौशन कुमार बक्सी को पलामू एसीबी की टीम ने 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। वे विद्यालय में दूध आपूर्ति करने वाले विक्रेता से बिल भुगतान के बदले रिश्वत ले रहे थे। पलामू एसीबी के एसपी अंजनी अंजन ने इसकी पुष्टि की है।

*****************

मलेशिया में 18 जनवरी 2025 से शुरू हो रहे आइसीसी अंडर–19 टी–20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम में धनबाद की अनंदिता किशोर को शामिल किया गया है। अनंदिता झारखंड अंडर–19 टीम की कप्तान भी हैं। इधर, अनंदिता के चयन पर धनबाद क्रिकेट संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार, जेएससीए के कार्यकारिणी सदस्य विनय कुमार सिंह, डीसीए महासचिव उत्तम विश्वास समेत अन्य सदस्यों ने अनंदिता को सम्मानित किया।

**************